# शाहजहाँपुर पुलिस

आपात सेवाएं 112

## प्रेस नोट दिनांक 18/07/2024

**STF फील्ड इकाई जनपद बरेली द्वारा 1,00,000 रुपये के ईनामी/शातिर/वांछित अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू की पुलिस के साथ मुठभेड व एक अदद नाजायज रिवाल्वर व 05 खोखा कारतूस व एक मिस कारतूस रिवाल्वर की चकरी में व एक खोखा कारतूस 9mm तथा एक लाल पिट्ठू बैग में (एक पिस्टल मय मैगजीन में 07 जिन्दा कारतूस) व 04 जिन्दा कारतूस पीले रंग की पन्नी में तथा एक अदद मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर की बरामदगी के सम्बन्ध में।**

विगत काफी समय से STF फील्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0 को यह सूचना मिल रही थी कि हत्या,डकैती तथा लूट जैसे संगीन अपराधों में लिप्त शातिर अपराधी शाहनूर उर्फ शानू पुत्र स्व0 शहाबुद्दीन निवासी मोहल्ला भूड़ा सरायतरीन थाना हयातनगर जनपद सम्भल जो मु0अ0सं0-325/22 धारा 457/380/411 भादवि व मु0अ0सं0-339/22 धारा 457/380/411 भादवि थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद में वांछित चल रहा है तथा उस पर अपर पुलिस महानिदेशक,बरेली जोन बरेली के पत्र संख्या-बीजेड-वाचक-22(2)/2024 दिनांक-मई 04,2024 के माध्यम से उक्त अपराधी की गिरफ्तारी पर एक लाख रूपये का पुरूस्कार घोषित है। यह अपराधी 2022 से फरार रहकर लूट/डकैती/हत्या जैसे संगीन अपराधों में लिप्त है। उक्त अपराधी के विरूद्ध श्री अब्दुल कादिर पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली एवं उनकी टीम द्वारा अभिसूचना संकलन का कार्य भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक माध्यम से किया जा रहा था तथा कई महीनों से ये सूचना मिल रही थी कि शाहनूर उर्फ शानू जनपद शाहजहांपुर के तिलहर,कटरा तथा मदनापुर से जलालाबाद तक अपने साथी के साथ अपराध में सक्रिय है तथा आज रात्रि में तिलहर से चलकर बरखेड़ा जयपाल होते हुये मदनापुर जाकर किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है। उक्त सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली एवं उनकी टीम द्वारा वांछित/शातिर अपराधी शाहनूर उर्फ शानू पुत्र स्व0 शहाबुद्दीन निवासी मौ0 भूडा सरायतरीन थाना हयातनगर जनपद सम्भल की गिरफ्तारी के उद्देश्य से बरखेड़ा जयपाल से तिलहर रोड पर नहर पुलिया पर घेराबन्दी की गई। ताकि वांछित/शातिर अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू की गिरफ्तारी की जा सके। लगभग दो-ढाई घण्टे इन्तेजार करने के पश्चात शातिर अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू उपरोक्त अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर साईकिल पर आता दिखायी दिया जिसे रुकने हेतु कहा गया तो मोटर साईकिल के पीछे बैठा व्यक्ति मोटर साईकिल से उतरकर भाग गया। जिसका मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल,मु0आ0 शिवओम पाठक,आ0 संजय यादव ने पीछा किया तथा वांछित अपराधी शाहनूर उर्फ शानू उपरोक्त अपनी मोटरसाईकिल नहर की पटरी पर पश्चिम तरफ मोड़कर भागा। श्रीमान अब्दुल कादिर पुलिस उपाधीक्षक द्वारा अपने हमराही साथियों के साथ तत्काल बुलेरो जीप से पश्चिम की तरफ पीछा किया गया तथा लगातार शाहनूर उर्फ शानू को रूकने की चेतावनी दी जाती रही परन्तु वह रूका नही तथा पुलिया के पश्चिम थोडी दूर जाने के बाद नहर पटरी के उत्तर तरफ हड़बड़ाकर गिर गया परन्तु मोटरसाइकिल से गिरने के पश्चात् भी शाहनूर उर्फ शानू ने मोके पर उपलब्ध आड़ का सहारा लेकर हम पुलिसवालों पर जान से मारने की नियत

से फायर करना शुरू कर दिया। जिससे श्री अब्दुल कादिर पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली एवं उनकी टीम के कुछ व्यक्ति सिखलाये हुए तरीके से बाल बाल बचे। उसके पश्चात अपने आत्मरक्षा में पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली एवं उनकी टीम द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई। कुछ समय पश्चात् ही बदमाश के कराहने की आवाज के साथ ही साथ फायर आना बन्द हो गया तथा अपने आप को सुरक्षित रखते हुये पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई बरेली एवं उनकी टीम द्वारा नजदीक जाकर देखा गया तो उस व्यक्ति के दाहिने हाथ में रिवाल्वर तथा उसके पीछे एक लाल रंग का पिट्ठू बैग पडा हुआ और नहर पटरी के नीचे की तरफ मोटरसाइकल हीरो स्पलेण्डर बिना नम्बर की गिरी पडी मिली। शातिर/वांछित अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू गम्भीर रुप से घायल होने के कारण लगभग आधा घण्टा पश्चात् एम्बुलेन्स के आने पर घायल अपराधी को मु0आ0 संदीप व मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल के साथ उपचार हेतु नजदीकी सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र मदनापुर भेजा गया जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया गया। शातिर/वांछित अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू की हालत नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड दिया तथा दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। उक्त घटना क्रम के सम्बन्ध में एस०टी०एफ० फील्ड इकाई जनपद बरेली के पुलिस उपाधिक्षक श्री अब्दुल कादिर द्वारा थाना तिलहर पर आज दिनांक 18.07.2024 को मु0अ0सं0 402/24 धारा 109 बी0एन0एस0 (पु०मु०) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम शाहनूर उर्फ शानू उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कराया।

**<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण –</u>**

1. मु0अ0सं0 402/24 धारा 109 बी0एन0एस0 (पु०मु०) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम शाहनूर उर्फ शानू उपरोक्त थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

**<u>बरामदगी विवरण -</u>**

1. एक अदद नाजायज रिवाल्वर व 05 खोखा कारतूस व एक मिस कारतूस रिवाल्वर की चकरी में
2. एक खोखा कारतूस 9mm
3. एक लाल पिट्ठू बैग में (एक पिस्टल मय मैगजीन में 07 जिन्दा कारतूस) व 04 जिन्दा कारतूस पीले रंग की पन्नी में
4. एक अदद मोटर साईकिल हीरो स्पलेण्डर

**<u>ईनामी/शातिर/वांछित अभियुक्त शाहनूर उर्फ शानू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–</u>**

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना/जनपद |
|---|---|---|---|
| 01 | मु0अ0सं0 459/09 | 3(1) गैंगस्टर एक्ट | हयातनगर सम्भल |
| 02 | मु0अ0सं0 305/09 | 382/457/411 भादवि | हयातनगर सम्भल |
| 03 | मु0अ0सं0 122/10 | 110 जी | हयातनगर सम्भल |
| 04 | मु0अ0सं0 291/10 | 364/394/411 भादवि | रजपुरा सम्भल |
| 05 | मु0अ0सं0 130/12 | 382/411 भादवि | हयातनगर सम्भल |
| 06 | मु0अ0सं0 248/12 | 459 भादवि | हयातनगर सम्भल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 07 | मु0अ0सं0 167/12 | 382/411 भादवि | असमौली सम्भल |
| 08 | मु0अ0सं0 170/12 | 382/411 भादवि | असमौली सम्भल |
| 09 | मु0अ0सं0 194/12 | 396/412 भादवि | असमौली सम्भल |
| 10 | मु0अ0सं0 200/12 | 147/149/307 भादवि | असमौली सम्भल |
| 11 | मु0अ0सं0 202/12 | 25 शस्त्र अधिनियम | असमौली सम्भल |
| 12 | मु0अ0सं0 177/12 | 382/411 भादवि | नखासा सम्भल |
| 13 | मु0अ0सं0 254/12 | 395/397/412 भादवि | बहजोई सम्भल |
| 14 | मु0अ0सं0 256/12 | 457/380 भादवि | बहजोई सम्भल |
| 15 | मु0अ0सं0 220/12 | 3(1) गैंगस्टर एक्ट | असमौली सम्भल |
| 16 | मु0अ0सं0 135/12 | 394 भादवि | बनियाठेर सम्भल |
| 17 | मु0अ0सं0 140/12 | 395/397 भादवि | बनियाठेर सम्भल |
| 18 | मु0अ0सं0 141/12 | 382 भादवि | बनियाठेर सम्भल |
| 19 | मु0अ0सं0 194/12 | 392 भादवि | बनियाठेर सम्भल |
| 20 | मु0अ0सं0 119/12 | 382 भादवि | नखासा सम्भल |
| 21 | मु0अ0सं0 278/13 | 110 जी | हयातनगर सम्भल |
| 22 | मु0अ0सं0 296/13 | 302 भादवि | हयातनगर सम्भल |
| 23 | मु0अ0सं0 319/13 | 3/25 शस्त्र अधिनियम | हयातनगर सम्भल |
| 24 | मु0अ0सं0 119/16 | 3/25 शस्त्र अधिनिम | हयातनगर सम्भल |
| 25 | मु0अ0सं0 342/17 | 174ए भादवि | हयातनगर सम्भल |
| 26 | मु0अ0सं0 99/17 | 395/412 भादवि | बनियाठेर सम्भल |
| 27 | मु0अ0सं0 152/17 | 395/397 भादवि | हयातनगर सम्भल |
| 28 | मु0अ0सं0 387/17 | 3 (1) गैंगस्टर एक्ट | हयातनगर सम्भल |
| 29 | मु0अ0सं0 326/22 | 457/380/411 भादवि | मैनाठेर मुरादाबाद |
| 30 | मु0अ0सं0 339/22 | 457/380/411 भादवि | मैनाठेर मुरादाबाद |
| 31 | मु0अ0सं0 380/23 | 174ए भादवि | मैनाठेर मुरादाबाद |
| 32 | मु0अ0सं0 412/23 | 174 ए भादवि | मैनाठेर मुरादाबाद |
| 33 | मु0अ0सं0 402/24 | 109 बी0एन0एस0 (पु०मु०) व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट | तिलहर, शाहजहाँपुर |

**<u>पुलिस टीम का विवरणः-</u>**

1. श्री अब्दुल कादिर पुलिस उपाधीक्षक STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
2. उ0नि0 राशिद अली STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
3. मु0आ0 शिवओम पाठक STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
4. मु0आ0 कुशांक STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
5. मु0आ0 संदीप STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
6. मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
7. मु0आ0 नितिन STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
8. मु0आ0 मनोज कुमार अवस्थी STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
9. आरक्षी संजय यादव STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0
10. आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार STF फिल्ड इकाई जनपद बरेली उ0प्र0